कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक एफ ( ) कार्मिक–राज/प्रमुवसं/ 17673 - 17698 दिनांकः– 19-9-12

निमित्त,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
टी.आर.ई.ई./मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक/
कार्य आयोजना एवं वन बंदोबस्त,
राजस्थान, जयपुर।
मुख्य वन संरक्षक,
जयपुर/भरतपुर/कोटा/उदयपुर/जोधपुर/बीकानेर/अजमेर/
वन्य जीव, भरतपुर/वन्य जीव, सवाईमाधोपुर/वन्य जीव, कोटा/वन्य जीव, उदयपुर/
वन्य जीव, जोधपुर/एनटीएफपी, जयपुर/विभागीय कार्य, जयपुर/एफपीआर,जयपुर/
अनुसंधान एवं प्रशिक्षण/वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर/
वन वर्धन, जयपुर/आर.वी.पी. कोटा।
वन संरक्षक,
बाघ परियोजना, सरिस्का मुख्यालय,अलवर/
रणथम्भौर बाघ परियोजना, सवाईमाधोपुर।

विषयः–च.श्रेणी कर्मचारी से जमादार, वनरक्षक से सहायक वनपाल एवं सहायक वनपाल से वनपाल पद पर पदोन्नति हेतु की गई डी.पी.सी.की समीक्षा करने के संबंध में।

संदर्भः–राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 11.9.11, अर्द्धशासकीय टीप संख्या 4 (1) कार्मिक/क–2/अप्र/2006 दिनांक 12.9.12 व परिपत्र दिनांक 18.9.12 तथा मुख्य सचिव महोदय द्वारा बैठक में दिए गए निर्देश दिनांक 17.9.12.

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत राज्य सरकार की संदर्भित अधिसूचना दिनांक 11.9.11 व अर्द्व शासकीय टीप दिनांक 12.9.12 की प्रति इस कार्यालय के पत्रांक सम 2251–341/सी दिनांक 14.9.12 द्वारा आपको पूर्व में ही पृष्ठांकित की जा चुकी है, जिसकी प्रति त्वरित संदर्भ हेतु परिपत्र दिनांक 18.9.12 की प्रति सहित पुनः संलग्न प्रेषित है। आपके अधीनस्थ वन मंडलों में वर्ष 1997 एवं तदनंतर वर्षो में डी.पी.सी. बैठके आयोजित कर की गई पदोन्नतियॉ की समीक्षा प्रत्येक वर्ष में पदोन्नति कोटा के पदों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित पदों की संख्या की तुलना में वास्तव में प्रदोन्नत हुए उक्त संवर्गो के कर्मचारियों की संख्या एवं उक्त संवर्गो से भिन्न सामान्य संवर्ग के कर्मचारियों की संख्या की समीक्षा की जाकर जिन संवर्गो में निर्धारित कोटा से अधिक कर्मचारी पदोन्नत हुए है, उन्हें तब तक के लिए एडहॉक कर्मारी माना जाना है। जब तक कि संबंधित संवर्ग में कोटा के पद उपलब्ध नही होते है। तदनुसार वरिष्ठता सूची भी उक्त वर्ष विशेष हेतु संशोधित जारी की जानी है। फलस्वरूप अगले वर्ष की डी.पी.सी. के मात्र नियमित चयनित कर्मचारीगण ही विचारणीय माने जाकर रिव्यू डी. पी.सी. की जानी है। यह कार्यवाही 1.4.97 से आगे के कम में प्रत्येक वर्ष हेतु कोटा अनुसार रिक्तियों की पुनर्गणना की जाकर वर्ष 2011–12 तक की पदोन्नतियॉ की जानी है।

अतः उक्त कार्यवाही तुरन्त प्रारंभ करवाकर निम्न प्रपत्र में पदवार सूचना संकलित कर इस कार्यालय में प्रेषित करें, ताकि मुख्य सचिव महोदय द्वारा अगले सप्ताह की जाने वाली समीक्षा बैठक में उन्हें प्रगति से अवगत कराया जा सके।

प्रपत्र

क.सं.	वर्ष	पदनाम	रिक्त पद जिनके लिए डी.पी.सी. आयोजित की गई	वर्ष के प्रारंभ में उपलब्ध रिक्त पदों की संख्या	वर्ष के दौरान सेवानिवृति से प्राप्त होने वाली रिक्तियॉ	योग
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.

रोस्टर के अनुसार रिक्तियों की संख्या			पदोन्नत किए गए कर्मचारियों का संवर्गवार विवरण			रोस्टर अनुसार कम/आधिक्य का विवरण		
एस.सी.	एस.टी.	सामान्य	एस.सी.	एस.टी.	सामान्य	एस.सी.	एस.टी.	सामान्य
8.			9.			10.		

भवदीय,

19/9/12

अति0प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन),
राजस्थान, जयपुर।